"हिंदी में पत्र व्यवहार कर देश का गौरव बढ़ाएं "


रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपारेशन लिमिटेड

**RURAL ELECTRIFICATION CORPORATION LIMITED**

(भारत सरका का उद्यम) (**A Government of India Enterprise**)

असीमित ऊर्जा, अपरिमित संभावनाएं

Regd Office: Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodi Road New Delhi 110003
Tele. 24365161 Fax 24360644 Email reccorp@recl.nic.in Gram RECTRIC
Website www.recindia.com & www.recindia.nic.in


सं.:आरईसी/आईटी/56/विविध/ दिनांक : 06.09.2010

सेवा में,

वित्त वर्ष 2010-11 के लिए आरईसी के पैनल में शामिल एजेंसी यथा:

1. **मैसर्स ग्लैक्सी इनफोसिस**
   95, द्वितीय तल, भगवान नगर, आश्रम,
   नई दिल्ली-14
2. **मैसर्स रिलिगारे टेकनोवा आईटी सर्विसेज लि.**
   255, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस III
   नई दिल्ली-110020
3. **मैसर्स सीसीएस कंप्यूटर्स प्रा.लि.**
   तृतीय तल, सकिपर हाऊस,
   62-63, नेहरू प्लेस,
   नई दिल्ली-110019
4. **मैसर्स कंप्यूटर वेयर इंडिया प्रा.लि.**
   सी-1/बी, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन,
   अरविन्दो मार्ग, नई दिल्ली-110016

आईटी उपस्कर मासिक किराया आधार पर देने के लिए आरईसी के पैनल में शामिल एजेंसी

5. मैसर्स एरोसिस इनफोटेक प्रा.लि.
   बी-43, सोमदत्त चेम्बर-II
   9 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

**विषय: आरईसी, कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली, की पी-IV मशीनों(डीईएल कंप्यूटरों को छोड़कर) के लिए 1 जीबी/512 एमबी रैम की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के लिए कोटेशन अनुरोध**

**संदर्भ: चालू वित्त वर्ष 2010-11 के लिए आईटी उपस्करों की आपूर्ति एवं डेस्कटाप किराए पर लेने के लिए आरईसी के पैनल में आपकी फर्म का नाम शामिल किया जाना।**

डेस्कटाप कंप्यूटरों, प्रिंटरों और लेपटाप के लिए उक्त निविदा में उल्लिखित विभिन्न आईटी उपस्करों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु विक्रेताओं के पैनल में शामिल करने संबंधी खुली निविदा सं.आरईसी/आईटी/93(इंपैनलमेंट ) /2008-09/1 का अवलोकन करें, जिसके अनुसार आपकी फर्म को आरईसी के पैनल में शामिल किया गया है।

विद्युत मंत्रालय के तहत रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि.(भारत सरकार का एक उद्यम) नीचे दर्शाई गई सूची अनुसार 1जीबी/512एमबी रैम को अपग्रेड करना चाहता है। आपसे अनुरोध है कि

आप सरकारी संगठन को दी जाने वाली उपयुव्त् दरों का प्रस्ताव निम्नलिखित फार्मेट में देने की कृपा करें:-

| क्रम सं. | पीसी माडल | अपेक्षित रैम * | प्रकार* | अनुमानित मात्रा*[ए] | पीसी में अधिष्ठापन सहित यूनिट लागत | | प्रस्तावित छूट (यदि हो) [डी] | कुल लागत( छूट के बाद, यदि कोई हे) [ई] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 1. | एचसीएल पी IV | 1जीबी | एसडीआर | 4 | | | | |
| 2. | एचसीएल पी IV | 1जीबी | डीडीआर 1 | 9 | | | | |
| 3. | एचसीएल पी IV | 512 एमबी | डीडीआर 1 | 1 | | | | |
| 4. | एचपी 2280 | 512 एमबी | डीडीआर 2 | 4 | | | | |
| 5. | एचपी 2700 | 512 एमबी | डीडीआर 2 | 3 | | | | |
| 6. | एचपी 330 | 1जीबी | डीडीआर 2 | 2 | | | | |
| 7. | एचपी 6120 | 1जीबी | डीडीआर 2 | 14 | | | | |
| 8. | एचपी 6120 | 512 एमबी | डीडीआर 2 | 5 | | | | |
| 9. | आईबीएम पी IV | 1जीबी | डीडीआर 1 | 12 | | | | |
| कुल जोड़:- | | | | **54** | | | | |

कृपया नोट करें कि सभी पीसी, पी-IV पीसी हैं।

* वास्तविक आवश्यकता के अनुसार मात्रा बढ़ या घट सकती है।

<u>सुपुर्दगी एवं अधिष्ठापन</u>

- सुपुर्दगी एवं अधिष्ठापन स्थान : आरईसी कार्यालय, नई दिल्ली में
- सुपुर्दगी एवं अधिष्ठापन अवधि: खरीद आदेश/स्वीकृति आदेश जारी किए जाने के बाद 15 दिन के अंदर

<u>दंडात्मक खंड</u>

- निर्धारित तारीख को अथवा इससे पहले उपस्कर की आपूर्ति एवं चालू न होने पर ठेका लागत के 0.5 प्रतिशत मूल्य के बराबर प्रति सप्ताह का दंड लगाया जाएगा परंतु यह दंड कुल ठेका लागत के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।
- निर्धारित तारीख के 10 दिन के बाद आदेश के अनुपालन में देरी होने पर आरईसी को यह अधिकार होगा कि वह आदेश रद्द कर दे।

<u>दर एवं कीमत</u>

- विक्रेता को चाहिए कि वह ऊपर दिए गए प्रारुप में दरों को कोट करे। यदि आधी अधूरी दरें प्राप्त होती हैं तो उन्हें रद्द कर दिया जाएगा। दस्तावेज की प्रविष्टियों में सभी शुद्धियों एवं संशोधनों पर विक्रेता द्वारा पूरे हस्ताक्षर किए जाएंगे।

- कोट की गई  दर (कर सहित) बोली प्राप्त होने की तारीख से कम से कम तीन माह तक वैध रहेगी।
- सभी सांविधिक सरकारी शुल्क एवं करों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। कोट की गई दर निश्चित होगी और प्रस्ताव की वैधता के दौरान दरों, कीमतों अथवा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए।
- कोई अतिरिक्त भाड़ा अथवा कोई अन्य प्रभार देय नहीं होगा।

<u>भुगतान की शर्तें</u>

- इस पत्र में उल्लिखित लक्ष्य /स्थान पर सफल सुपुर्दगी और अधिष्ठापन तथा चालू किए जाने पर 80 प्रतिशत राशि का भुगतान
- शेष 20 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिष्ठापन के स्थान पर सफल कार्यनिष्पादन के एक माह बाद किया जाएगा।

<u>वारंटी अवधि के दौरान सहायता</u>

- वारंटी:ओईएम शर्तों के अनुसार
- वारंटी अवधि के दौरान आरईसी द्वारा जब कभी मांग की जाएगी, विक्रेता को कार्यस्थल पर सहायता देनी होगी।

<u>मूल्यांकन का मानदंड</u>

- इसका मूल्यांकन किया जाएगा और विक्रेता द्वारा कोट की गई न्यूनतम कुल जोड़ के आधार पर एल प्रथम विक्रेता को तय किया जाएगा। कोट की गई कुंल लागत में इस समय लागू सभी सरकारी कर एवं शुल्क शामिल होने चाहिए। कृपया ध्यान रखें कि यदि विक्रेता द्वारा किसी गणना/जोड़ लगाने में किसी प्रकार की गलती की गई हो तो उसे ठीक करवाया जाएगा और मूल्यांकन के लिए सही और शुद्ध आंकड़ों पर विचार किया जाएगा।

खरीद के अन्य नियम एवं शर्तों निम्नानुसार होंगी:

खुली निविदा सं.आरईसी/आईटी/93(इंपैनलमेंट)/2008-09/1 की भी सभी शर्तें लागू होंगी।
मुहरबंद लिफाफे उप महाप्रबंधक(आईटी), आईटी प्रभाग, प्रथम तल, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि., कोर -4, स्कोप बिल्डिंग, 7 लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजे जाने चाहिए।

कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 16.09.2010 को 11.00 बजे पूर्वाह्न है।

कृपया उपर्युक्त मदों की खरीद हेतु इस प्रस्ताव को हमारी ओर से कोई वचनबद्धता न समझा जाए।

भवदीय,
(पी.के.मुखोपाध्याय )
उप महाप्रबंधक(आईटी/ईआरपी )